

श्री. शांतिलालजी मुथ्था
संस्थापक, BJS

# BJS eबुलेटीन 2020

Edition 15, 19th April 2020

JAINS FOR INDIA

BJS Bharatiya Jain Sanghatana


## संपादक की कलम से



प्रिय स्नेहीजन,

कोरोना कहर के कारण विश्व में मरने वालों की संख्याआज 1.50.लाख पर कर गयी है. 8 लाख के लगभग संक्रमितों का अनुमान हैं. देश में भी संक्रमित लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि हम सभी की चिंता का विषय है.

मानव जनहानि के अतिरिक्त कोरोना का अब वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है. कल अमेरिका से मेरे मित्र का संदेश था कि कोरोना के कारण उसकी नौकरी चली गयी है. देश में भी उत्पादन व बाज़ार बंध होने के कारण, अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभावों का अनुमान विशेषज्ञों द्वारा लगाया जा रहा है. यह भी वास्तविकता है कि भारत की अर्थव्यवस्था दूसरे विकसित व विकासशील देशों की अपेक्षा काफी सुदृढ़ है.

BJS के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राकेश जैन, इंदौर ने 14 अप्रेल को Be your own Boss-Be entrepreneur विषय पर BJS Family Summit face book live पर विचार व्यक्त करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि reverse brain drain का सर्वाधिक लाभ देश को मिलेगा और विपरित परिस्थितियों में भी देश की अर्थव्यवस्था कीचड़ में कमल के समान खिल उठेगी. उनके उदगारों को इस अंक में प्रकाशित किया है.


**निरंजन जुंवा जैन**
सदस्य - BJS राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति


April 14

## BJS FAMILY SUMMIT
## Live Face book Series-DAY 14

# Be Your Own Boss - Be Entrepreneur



**श्री राकेश जैन BJS के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं.**
**BJS के Business Development Mission के राष्ट्रीय संयोजक हैं.**

**आजका युवा व्यवसाय को छोड़कर नौकरियों की तरफ दौड़ लगा रहा है. हमारे समाज के DNA में उद्यमिता (entrepreneurship) है जिसकी घुट्टी बचपन से पिलाई जाती है, उपरांत इसके नौकरियां हमें क्यों आकर्षित करती हैं? बंदर के सामने केले (banana) और पैसे दोनो रखें, तो वह क्या उठाएगा? निश्चित ही वह केले लेगा क्योंकि वह पैसे का मूल्य नहीं जानता. इसी तरह हमारे युवा साथियों के समक्ष भी दो विकल्प हैं, नौकरी या व्यवसाय. अधिकांश नौकरी पर ही पसंदगी उतार रहे हैं, क्योंकि वे व्यवसाय का मूल्य नहीं समझते. नौकरी से जीवन यापन और कुछ संसाधन मिल सकते हैं किंतु व्यवसाय से इनके अतिरिक्त नसीब भी मिलता है.**

दुनियाँ के 5 सर्वाधिक धनि व्यक्तियों को चुने और उन सब में एक समानता ढूंढने का प्रयास करें तो पाएंगे कि वे सभी उद्यमी हैं. एक कहानी मुम्बई के समोसे बेचने वाले की जो TIMES OF INDIA में 20 वर्ष पूर्व प्रकाशित हुई थी. वह प्रतिदिन मात्र 6 घंटों में लगभग 2000 समोसे बेच लेता था और ₹ 2 प्रति समोसा के लाभ पर ₹4000 कमा लेता था. वह समोसे बनाता नहीं था मात्र किसी से खरीद कर बेचता था और उसकी मासिक आय ₹ 1 लाख के आसपास थी. उसने साक्षात्कार में बतलाया कि उसके पास मुंबई में अनेक प्रॉपर्टी है, करोड़ों का मालिक है व उसका लड़का विदेश में पढ़ता है. आपमें knowledge कितना है, इससे अधिक skill और commitment कितना है, यह ज्यादा महत्वपूर्ण है. व्यक्ति कोई भी हो किसी अन्य का नियंत्रण या किसी के हाथ नीचे काम करना अच्छा नहीं लगता. हम उद्यमी बनकर स्वयं अपने मालिक बन सकते हैं. अपने बच्चों को उद्यमी बनाने के पाठ बचपन से पढ़ाएं. उन्हें Engineer, Doctor या Management Expert बनाने के ससथ साथ उद्यमी बनने की प्रेरणा दें. कुछ प्रश्न हैं उनके लिए जो उद्यमी बनना चाहते हैं:

1. क्या आपको पैसा motivate (प्रभावित) करता है?
2. क्या आप स्वतंत्र रूप से कार्य करना चाहते हैं?
3. क्या आप creative तथा innovative हैं? नया सोचते हैं?
4. क्या आप technology savvy हैं?
5. लीक से हटकर क्या आप कुछ अलग कर सकते हैं?
6. क्या आपके पास लोगों की समस्याओं के समाधान देने हेतु स्वयं के विचार हैं?
7. आप जो करते हैं या करना चाहते हैं, उसके लिए जुनून है?

Contd...


BJS Bharatiya Jain Sanghatana
FAMILY SUMMIT
on Facebook LIVE every day
LIVE @ 4:00 - 5:00pm
16th April to 30th April 2020

आज दिनांक 19 अप्रेल, 2020 4 से 5 सांय
April Sunday 19
डॉ संदीप संचेती, जयपुर
विषय : Future of Technology & Education
Fb Link : bit.ly/BJSPune
Scan to Join

## BJS FAMILY SUMMIT Live Face book Series DAY 14 April 14

यदि आपमें उपरोक्त योग्यताएं हैं तो आप उद्यमी बनने के किये उपयुक्त हैं.
एक अच्छा उद्यमी अच्छी जीवन शैली के साथ अनेक कर्मियों को रोज़गार देता है. वह देश के विकास का कारण बनता है. एक उद्यमी का प्रारंभिक काल अवश्य ही tough हो सकता है किन्तु व्यवसाय जमने के बाद की जीवनशैली जो उसे मिलती है, अन्य तो कलपना भी नही कर सकते. उद्यमी को कुछ अलग पाने के लिए कुछ अलग करने की सोच होनी चाहिए. इस वैचारिक यात्रा में उसे निम्न 4 साथियों (campanions) को साथ में रखना चाहिए :

1. अच्छी किताबें, जिनसे उसे नए विचार, दिशा निर्देश व अवसरों की समझ आदि मिले
2. अच्छे मित्र, जो सफल व्यक्ति हों उन्हें पहचाने व उनका अनुसरण करें
3. अच्छा परिवार, जो आपके विचारों व vision को समझे व जिन्हें आप अपने साथ सम्मिलित कर सकें
4. जुनून (passion) ही आपका श्रेष्ठ मित्र है, इसके बिना कुछ भी संभव नहीं.

अभी लॉक डाउन में विचारने, स्वयं में झांकने का श्रेष्ठ समय है. वैचारिक सीमाओं से बाहर निकलें, भय पर काबू पाएं. स्वयं को redesign तथा restructure करें और देखें कि अवसरों का समुद्र आपके सामने लहरा रहा है.

जमाना किस तीव्र गति से बदल रहा है, समझने का प्रयास करते हैं. अविष्कार के पश्चात हवाई जहाज़ को विश्व में 5 करोड़ लोगों तक पहुँचने में 68 वर्ष, automobile 62, टेलीफोन 50, बिजली 46, क्रेडिट कार्ड 28, टेलिविज़न 22, ATM 18, कंप्यूटर 14, सेलफोन 10, इंटरनेट 7, यूट्यूब 5, facebook को 3 वर्ष लगे जबकि Pokemon go को 5 करोड़ लोगों तक पहुँचने में मात्र 19 दिन लगे. जमाने की रफ्तार के साथ हमें बदलना ही नहीं अपितु उस रफ्तार से आगे निकलना है. देश की बात करें तो आज 56 करोड़ internet ग्राहक, 100 करोड़ Mobile ग्राहक जिनमें से 50 करोड़ के पास स्मार्ट फ़ोन है. 100 करोड़ बैंक खाते है और 50,000 start ups हैं. देश में विश्व का तीसरे क्रम पर Echo System है. सरकार से भी सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं जिससे Start up तेजी से प्रगति कर रहे हैं.
वो कौनसी qualities हैं, जो अच्छे उद्यमी बनने के लिए आवश्यक है :

1. अवसरों को पकड़ लेने की शक्ति
2. स्वयं में छिपे talent को पूर्ण रूप से बाहर निकलना
3. श्रेष्ठ स्वप्न दृष्टा. सपने देखें अन्यथा दूसरे उनके स्वप्न को पूरा करने में आपका उपयोग कर लेंगे. Jamnagar की refinery धीरू भाई अम्बानी के सपनों का श्रेष्ठ उदाहरण है.
4. स्पष्ट vision है और vision के संबंध में पूर्ण clarity भी है.
5. sharp focus है औए एक ही mission में सारी energy झोंक देने का सामर्थ्य है
6. लक्ष्य (goal) निर्धारित कर उसे हासिल करने हेतु कार्यरत हैं. आपके goal smart व time bound होने चाहिए
7. Innovative ideas और अलग सोचने की शक्ति
8. लीक से हटकर कुछ अलग करने की क्षमता
9. जुनून जिसके पीछे पूरा जीवन लगा सकें
10. Team work. जिससे synergy create हो.Complimentory skills आधारित ऐसी टीम जो 1+1=11 हों
11. दूसरों की समस्या को समझने व समाधान देने की शक्ति. जयवंतीबेन मेहता जिसने धारावी slums की महिलाओं की तकलीफ के समाधान में दुनियाँ में लिज़्ज़त पापड़ नामक विश्व प्रसिद्ध ब्रांड खड़ा किया
12. Commonsense . हर व्यक्ति को नौकरी चाहिए. संजीव भीखचंदानी ने startup naukari.com प्रारम्भ किया. आज उनके पास 20 Startup का portfolio है.

इन सबमें formal education पर focus नहीं था अपितु life skills पर था. 25 वर्ष पूर्व के हमारे Role Models Tata तथा Birlas थे. नई पीढ़ी के Role Models धीरूभाई अंबानी और बिलगेट्स आदि है . किन्तु आगामी पीढी हेतु Role Models 18 से 35 की आयु के होंगे जिनमें सर्वश्री भाविन तुरखिया, रितेश अग्रवाल और यशराज भारद्वाज होंगें. अभी अनुभव से अधिक innovation का जमाना है. Technology का प्रयोग आपको आता है तो सफलता आपकी प्रतिक्षा कर रही है. Start up culture निम्न 4 factors पर कार्य करता है:

1. ग्राहक जी आवश्यकता को समझना
2. ग्राहक को better solution देना
3. ग्राहक क्या आपको pay करने का इच्छुक है
4. ग्राहक को दी जाने वाली सेवाओं की लागत आपके उत्पाद की कीमत से कम है

हर व्यक्ति में कुछ न कुछ योग्यताएं होती हैं. Competancy of Nation, people and city कार्य करती है. आप अपनी योग्यता को identify करें और उस पर focus करके startup प्रारम्भ करें
सचिन tendulkar 10वीं पास नहीं कर सका लेकिन focus और ज़ुनून मात्र और मात्र क्रिकेट के लिये था. इसीलिए क्रिकेट का भगवान कहा जाता है. सचिन को मात्र 38 वर्ष की आयु में भारत रत्न से नवाजा गया. क्या मैं भी दूसरों से बेहतर कर सकता हूँ? दुनिया में तीन तरह के लोग होते हैं:

1. Want things to happen
2. Wish things would happen
3. Make things happen

यदिआप तीसरी category में हैं, तो निश्चित ही Startup world आपकी प्रतिक्षा कर रहा है.

To view all videos : bit.ly/BJSPune

# BJS NEC की प्रथम Online सभा का आयोजन

कल दिनांक 18 अप्रेल, 2020 शनिवार को BJS की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम ऑनलाइन सभा का आयोजन हुआ जिसमें 40 पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे. सभा प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक हुई.

कोविड-19 व कोरोना महाप्रलय संकट के समय lockdown के कारण घर द्वार पर मेडिकल सहायता पहुंचाने हेतु Mobile Medical Van सेवा महाराष्ट्र के अतिरिक्त कर्नाटक और तमिलनाडु में प्रारम्भ की गई जिसका विवरण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेन्द्र लुंकर ने दिया व बताया कि आगामी कुछ दिनों में इस अभियान को विस्तृत कर पड़े पैमाने पर जरूरतमंद लोगों की सहायता की जाएगी व इस हेतु Mobile Van की संख्या बढ़ाई जाएगी. आपने आदरणीय शांतीलालजी मुत्था के vision और sankalp को परिपूर्ण करने हेतु सभी से अपील की. Lock down के कारण आने वाले कुछ दिनों में पूरे देश के अस्पतालों में रक्त की कमी होने की संभावना बनी रहेगी. BJS के इस अभियान के तहत महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात में कुल मिलाकर 4,000 रक्त unit एकत्रित हुआ है.

अधिक से अधिक गतिविधियों को online प्रारम्भ करने की आवश्यकता पर विचार विमर्श हुआ. राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रथम स्मार्ट गर्ल online प्रशिक्षण 20 से 26 अप्रेल तक आयोजित होगा व BJS के पदाधिकारियों का online प्रशिक्षण भी 28 से 30 अप्रेल, 2020 तक आयोजित करने के प्रयास चल रहे हैं. अन्य विषय भी चर्चा में लिए गए जिनमें राज्य कार्यकारिणी समितियों की online सभा आयोजित करने पर राजाध्यक्षों ने श्रैष्ठ प्रतिसाद दिया. भविष्य में ऑनलाइन सभाएं अधिक करने पर सभी उपस्थित सदस्यों ने सहमति दर्शाई.

Lockdown अवधि के सदुपयोग में तथा community सदस्यों से regular connectivity स्थापित करने के उद्देश्य से BJS FAMILY SUMMIT face book live page पर विशेषज्ञ और विद्वान भिन्न भिन्न विषय पर विचार व्यक्त कर रहे हैं, जिसका आयोजन व संयोजन श्री राकेश जैन कर रहे हैं. उन्होने बताया कि प्रथम lockdown अवधि के लिए यह आयोजन था जो अब 30 अप्रेल तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है. इसके अतिरिक्त विभिन्न online कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सदस्यों ने सुझाव प्रस्तुत किये.



